(ग) इस कार्यक्रम हेतु कुल कितना परिव्यय होगा तथा इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है; और

(घ) इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन अधिकरण का नाम क्या है तथा इसे धन उपलब्ध कराने के स्रोत क्या-क्या हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री (श्री किंजरापू येरन्नायडु): (क) ऐसा कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं हैं। तथापि, गरीबी रेखा से नीचे के ग्रामीण परिवारों को समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायता दी जाती है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण गरीब परिवारों को आय सृजन करने वाली गतिविधियों के जरिए स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से ऋण दिए जाते है। प्रत्येक सहायता प्राप्त परिवार को ऋण राशि 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की सबसिडी भी दी जाती है। कार्यक्रम में लचीले निवेश की व्यवस्था है।

(ख) गुजरात के संबंध में वर्ष 1996-97 और 1997-98 के लिए कुल आबंटन, उपयोग और वास्तविक कवरेज विवरण में दिया गया है (**नीचे देखिए**)

(ग) वर्ष 1996-97 और 1997-98 के दौरान समग्र देश के लिए समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का कुल परिव्यय क्रमशः 109721.16 लाख रुपये और 113351.23 लाख रुपए है। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम एक चालू कार्यक्रम है और इसकी कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है।

(घ) कार्यक्रम को राज्य सरकारों द्वारा जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों के जरिए कार्यान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए निधियां केन्द्र और राज्यों द्वारा 50:50 के आधार पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

विवरण

गुजरात के संबंध में 1996-97 और 1997-98 के लिए कुल आबंटन, उपयोग और वास्तविक कवरेज दर्शाने वाला विवरण

(रुपए लाख में)

वर्ष	आबंटन			उपयोग	सहायता प्राप्त परिवारों की संख्या
	केन्द्र	राज्य	कुल		
1996-97	1529.61	1529.61	3059.22	3026.53	47545
1997-98	1580.22	1580.22	3160.44	1182.46**	15853**

**सूचित आंकड़े सितम्बर 1997 तक के हैं।

Funds for rural employment schemes/ projects in Bihar and U.P.

886.SHRI GYAN RANJAN: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) what was the year-wise allocation of funds by the Central Government for rural employment schemes/projects initiated in Bihar and Uttar Pradesh during the last three years; and

(b) what is the percentage of success achieved in this regard?

THE MINISTER OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI K.YERRANNAIDU): (a) and (b) Jawahar Rozgar Yojana (JRY), employment Assurance Scheme (EAS) and Integrated Rural Development Programme (IRDP) are the major employment schemes being implemented by the Centre throughout the country including the States of Bihar and Uttar Pradesh. Allocation of funds and percentage utilisation of available funds for these schemes during last three years viz. 1994-95, 1995-96 and 1996-97 are given in the Annexure. [*See* Appendix 182, Annexure No. 20].

Exemption from 5 per cent cut on Plan and Non-plan expenditure

887.SHRI S.M. KRISHNA: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether 5 per cent cut is being imposed on plan and non-plan expenditure of his Ministry and he has sought special exemption from the cut;